दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 03 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 07

## जम्मू-कश्मीर में विपक्ष के कई नेताओं की हटी नजरबंदी

**» गांधी जयंती पर बड़ा फैसला**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू में नजरबंद विपक्षी नेताओं की नजरबंदी मंगलवार को खत्म कर दी है। पुलिस की ओर से सभी नेताओं को नजरबंदी हटाने की सूचना दी गई है। नजरबंद नेताओं ने भी इसकी पुष्टि की है। माना जा रहा है कि बीडीसी चुनाव को देखते हुए इन नेताओं की नजरबंदी हटाई गई है, ताकि राजनीतिक गतिविधियां शुरू हो सकें। पूर्व मंत्री और डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी के अध्यक्ष चौधरी लाल सिंह को भी नजरबंद किया गया था।

जम्मू में नजरबंद सभी विपक्षी दलों के नेताओं पर से नजरबंदी हटा दी गई है। जिन नेताओं पर से नजरबंदी हटाई गई है उसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस, पैंथर्स पार्टी के नेता शामिल हैं।

डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी के अध्यक्ष चौधरी लाल सिंह के अलावा जिन नेताओं से नजरबंदी हटाई गई है, उसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस के देवेंद्र राणा और एसएस सालाथिया, कांग्रेस रमन भल्ला और पैंथर्स पार्टी के हर्षदेव सिंह के नाम शामिल हैं। इन नेताओं को 5 अगस्त से नजरबंद कर लिया गया था।

केंद्र सरकार ने 5 अगस्त को बड़ा फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था और राज्य को 2 हिस्से में बांटते हुए अनुच्छेद 370 को भी निष्प्रभावी कर दिया था। सरकार ने इस फैसले के साथ ही राज्य के कई विपक्षी नेताओं को नजरबंद भी कर लिया था।

अनुच्छेद 370 पर फैसले के बाद स्थानीय पुलिस ने एहतिहात के तौर पूर्व मंत्री और डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी के अध्यक्ष चौधरी लाल सिंह को नजरबंद किया था। लाल सिंह पहले जम्मू के नेता हैं, जिन्हें नजरबंद किया गया था. चौधरी लाल सिंह को जम्मू के गांधीनगर में उनके सरकारी आवास से निकलने की इजाजत नहीं दी गई।

सिर्फ जम्मू ही नहीं कश्मीर के भी कई नेताओं को नजरबंद किया गया था। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्ला समेत अन्य नेता शामिल थे। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि कश्मीर घाटी में लोगों को कैद किया जा रहा है।

## एनआईए करेगी पाक ड्रोन से हथियारों की सप्लाई मामले की जांच

**» कैप्टन की मांग पर गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब में सीमापार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी के मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार अब इस मामले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों पंजाब पुलिस ने दावा किया था कि पाकिस्तान द्वारा ड्रोन की मदद से पंजाब में कई बार हथियार गिराने की कोशिश की गई है। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह इस मामले में मदद मांगी थी। इसके बाद अब इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। बीते एक सप्ताह के दौरान एके-47 राइफलों व उनके मैगजीनों की पकड़ी गई खेप ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए कई चुनौतियां पैदा कर दी है। गिरफ्तार किए गए खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के आतंकवादियों के तार पाकिस्तान में बैठे रंजीत सिंह नीटा और खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पंजवड़ से जुड़े हैं जो आईएसआई के इशारे पर पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की साजिश रच रहे है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अफगानिस्तान में विस्फोट में 6 नागरिकों की मौत

**काबुल ।** अफगानिस्तान के कापिसा प्रांत में एक कार में क्रूड बम विस्फोट होने से महिलाओं और बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पुलिस प्रवक्ता अब्दुल शेक सुराश ने बताया, तालिबान ने मंगलवार शाम को विस्फोट किया, जिसमें छह नागरिकों की मौके पर ही मौत हो गई। तालिबान ने अभी तक इस पर कोई बयान नहीं दिया है।

### सोनिया, मनमोहन और राहुल ने बापू को श्रद्धांजलि दी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही कांग्रेस दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से राजघाट तक पदयात्रा भी निकालेगी जिसमें राहुल गांधी शामिल होंगे। मनमोहन और सोनिया ने राजघाट पहुंचकर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 150वीं जयंती पर महात्मा गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि। राष्ट्रपिता ने अपने विचार और कर्म से हमें यह बताया कि पूरी मानवता के लिए प्रेम और अहिंसा ही दमन, अत्याचार तथा घृणा को पराजित करने का एकमात्र रास्ता है।कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। बापू की 150वीं जयंती के मौके पर कांग्रेस बुधवार को पूरे देश में रघुपति राघव राजा राम की धुन पर पदयात्रा निकाल रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाली पदयात्रा में शामिल हो रही हैं।

### केजरीवाल, सिसोदिया ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल और सिसोदिया पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल विजय घाट गए और उनकी 115 वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने राजघाट गए। केजरीवाल ने ट्वीट किया, ''आज दो महान आत्माओं की जयंती है। गांधी जी सत्य और अहिंसा के प्रतीक, शास्त्री जी सादगी और ईमानदारी के प्रतीक। धन्य है भारत माँ जिसने ऐसे सपूतों को जन्म दिया। इन महान आत्माओं के जन्म दिवस पर देश वासियों को बधाई।

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका के साथ वार्ता से पहले मिसाइल परीक्षण किए

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को कम दूरी के कई मिसाइल परीक्षण किए, जिनमें से एक मिसाइल जापान के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के तहत आने वाले जलक्षेत्र में गिरी। सियोल और टोक्यो के सूत्रों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि ये मिसाइलें पूर्वी शहर वॉनसन से प्रक्षेपित की गईं। जापान सरकार ने इनके बैलेस्टिक मिसाइल होने की संभावना व्यक्त की है। स्थानीय न्यूज एजेंसी योनहाप के बयान के अनुसार, जेसीएस ने मिसाइलों के प्रकार, ट्रैजेक्टरी या उनकी रेंज के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इस नए परीक्षण की पुष्टि जापान के आधिकारिक सूत्रों ने भी की है। जापानी सरकार के एक प्रवक्ता योशीहिदे सुगा ने संवाददाताओं से कहा कि कम से कम दो परीक्षण किए गए और उनमें से एक जापान के ईईजेड के भीतर दक्षिण-पश्चिमी शिमाने प्रांत में गिरा। सुगा के अनुसार, पहला परीक्षण स्थानीय समयानुसार सुबह 7.17 बजे हुआ, वहीं ईईजेड में गिरी मिसाइल इसके 10 मिनट बाद प्रक्षेपित की गई।

## इसरो वैज्ञानिक एसआर सुरेश कुमार की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हैदराबाद (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) से जुड़े एक वैज्ञानिक की उनके अपार्टमेंट में ही हत्या कर दी गई। वैज्ञानिक एस. सुरेश की किसी अज्ञात आदमी ने हैदराबाद के बीचोंबीच अमीरपेट इलाके में स्थित अन्नपूर्णा अपार्टमेंट के उनके फ्लैट में हत्या कर दी। उस समय केरल निवासी वैज्ञानिक अपने फ्लैट में अकेले ही थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार को कार्यालय नहीं पहुंचने पर उनके साथियों ने उनके मोबाइल पर फोन किया। उत्तर नहीं मिलने पर उन्होंने उनकी पत्नी इंदिरा को सूचना दी। उनकी पत्नी चेन्नई में बैंक कर्मचारी हैं। अपने परिवार के सदस्यों के साथ इंदिरा हैदराबाद पहुंचीं और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। फ्लैट का दरवाजा तोड़ अंदर पहुंचने पर सुरेश को मृत पाया गया।

पुलिस को संदेह है कि उनके सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया गया जिससे उनकी मौत हो गई। मौके से पुलिस ने सुराग जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे अपार्टमेंट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देख रहे हैं। सुरेश 20 साल से हैदराबाद में रह रहे हैं। उनकी पत्नी भी साथ ही रहती थी, लेकिन 2005 में उनका तबादला चेन्नई हो गया था।

## सीजेआई के बाद जस्टिस गवई भी गौतम नवलखा की सुनवाई से हटे

**» भीमा-कोरेगांव मामला**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने संबंधी उनकी याचिका की सुनवाई से जस्टिस बी.आर. गवई ने खुद को अलग कर लिया है. जस्टिस गवई से पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भी इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था.

न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ के समक्ष मंगलवार को नवलखा की अपील सुनवाई के लिए आई थी. इस पर न्यायमूर्ति गवई ने नवलखा की अपील पर सुनवाई करने से खुद को अलग कर लिया. शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा की अपील अब तीन अक्टूबर को किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की जाएगी. इससे पहले, सोमवार को गौतम नवलखा की याचिका प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध हुई थी, लेकिन प्रधान न्यायाधीश ने इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था.

इस मामले में महाराष्ट्र सरकार ने कैविएट दाखिल कर रखी है ताकि उसका पक्ष सुने बगैर कोई आदेश पारित नहीं किया जाए. उच्च न्यायालय ने 2017 में कोरेगांव-भीमा हिंसा और माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने से 13 सितंबर को इंकार कर दिया था. उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस मामले में पहली नजर में ठोस सामग्री है. उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी गहराई से जांच की आवश्यकता है.

13 सितंबर को उच्च न्यायालय ने 2017 में कोरेगांव-भीमा हिंसा और कथित माओवादी संपर्कों के लिए नवलखा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया था. उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हमें लगता है कि विस्तृत जांच की जरूरत है. पुणे पुलिस ने 31 दिसंबर 2017 को एल्गार परिषद के बाद जनवरी 2018 में नवलखा और अन्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी. एल्गार परिषद आयोजित करने के एक दिन बाद पुणे जिले के कोरेगांव भीमा में हिंसा भड़क गई थी.

## गांधी जयंती पर तिहाड़ सहित देश की 150 जेलों से रिहा होंगे 600 कैदी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गांधी जयंती के अवसर पर देश भर की करीब 150 जेलों में बंद सजायाफ्ता मुजरिमों में से 600 सजायाफ्ता कैदियों को रिहा किया जा रहा है। इन सभी कैदियों को गांधी जयंती पर आम-सजा-माफी योजना के तहत सलाखों से बाहर लाया जा रहा है। मौत की सजा पाए, हत्या या फिर बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में सजायाफ्ता मुजरिमों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। योजना से लाभांवित महाराष्ट्र राज्य की 10 जेलों में बंद 70 मुजरिम अभी कुछ और दिन जेल की सलाखों में ही कैद रहेंगे। इसी तरह तिहाड़ जेल में बंद 5 में से 3 कैदियों को ही बुधवार को रिहा किया जा रहा है।

हर साल की तरह इस साल भी गांधी जयंती के मौके पर, देश के सभी राज्यों की जेलों से करीब 600 कैदी इस विशेष सजा-माफी-योजना के लिये चयनित किये गये थे। योजना के तहत छोड़े जाने से पहले सभी जेलों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड-दिशा निदेशरें का अनुपालन करना प्राथमिकता में होता है। योजना के तहत मुजरिमों के चयन में, इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि, जाने-अनजाने मौत की सजा पाये, हत्या या फिर बलात्कार का कोई सजायाफ्ता मुजरिम इस लाभकारी योजना का लाभ न उठा ले।

योजना के तहत ही इस बार महाराष्ट्र सरकार ने इस बार राज्य की जेलों में बंद ऐसे 70 मुजरिमों को गांधी जयंती के अवसर पर छोड़ने का ऐलान किया था। इन सभी को बुधवार को जेलों से बाहर आना था। इसी बीच राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई। लिहाजा चुनाव आचार संहिता लगते ही अब, इस योजना के लाभांवित मुजरिमों को जेल से रिहा नहीं किया जा सकेगा।

उधर इस मौके पर एशिया की सबसे बड़ी और सुरक्षित समझी जाने वाली दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में कैद तीन सजायाफ्ता मुजरिमों को बुधवार को रिहा किया जा रहा है। हालांकि केंद्र सरकार ने 5 मुजरिमों को तिहाड़ से बाहर लाने की सिफारिशों पर मुहर लगा दी थी। इन 5 में से 2 कैदियों को बुधवार यानि गांधी जयंती के शुभ अवसर पर तिहाड़ से रिहा नहीं किया जा सकेगा।

दरअसल बुधवार को जिन दो कैदियों की रिहाई नहीं हो पायेगी, उनमें से एक के ऊपर एक लाख और दूसरे मुजरिम के ऊपर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लंबित है।

## पीएम मोदी ने कहा- हमेशा रहेंगे महात्मा गांधी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर आज दुनियाभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. देश के अलग-अलग हिस्सों में भी भव्य आयोजन किए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर नई दिल्ली के राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी.

आज भी गांधी हैं और कल भी गांधी रहेंगेः पीएम मोदीपीएम मोदी ने कहा कि यूएन में गर्व के साथ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई गई और उनको श्रद्धांजलि दी गई. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी कल थे, महात्मा गांधी आज हैं और गांधी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी रहेंगे.

वैश्विक मंच पर बढ़ रहा भारत का कदः पीएम मोदीपीएम मोदी ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ रहा है. अब दुनिया भारत की तरफ सकारात्मक नजर से देख रही है.

## कश्मीर मुद्दे को लेकर भारत पर हमले कर सकते हैं पाक आतंकवादी:शाइवर



**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने कई देशों के उस डर को मंगलवार को सामने रखा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद, पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम दे सकते हैं। अमेरिका ने कहा कि अगर पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को काबू में रखे तो इन हमलों को रोका जा सकता है। भारत प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री रैंडल शाइवर ने वाशिंगटन की जनता से कहा कि कश्मीर पर फैसले के बाद कई को डर है कि आतंकवादी समूह सीमा-पार से हमलों को अंजाम दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि चीन इस तरह का कोई संघर्ष चाहेगा या उसका समर्थन करेगा। शाइवर कश्मीर मुद्दे पर चीन द्वारा पाकिस्तान को समर्थन देने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। बता दें कि भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए के अधिकतर प्रावधानों को गत पांच अगस्त को खत्म कर दिया था। शाइवर ने कहा, मुझे लगता है कि यह (कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को चीन का समर्थन) बहुत हद तक कूटनीतिक एवं राजनीतिक समर्थन है। पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा, उन्होंने (चीन ने) पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा ले जाया जाए या नहीं, इस संबंध में कुछ चर्चा हुई तो चीन इसका समर्थन करेगा।

## रिजीजू ने फिट इंडिया प्लॉग रन को झंडी दिखाकर रवाना किया




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** युवा और खेल मामलों के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) किरेन रिजीजू ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी स्टेडियम से फिट इंडिया प्लॉग रन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

रिजीजू के साथ इस अवसर पर प्लॉगर रिपु दमन, कई जाने-माने खिलाड़ी, दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के छात्र, डॉक्टर, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री ने फिट इंडिया प्लॉग रन का हिस्सा बनने के लिए सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक स्वस्थ और स्वच्छ देश के निर्माण की दिशा में की गई इस पहल में समाज के सभी वर्गों का शामिल होना उत्साहवर्धक और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह प्लॉग रन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐसे भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में उठाया गया कदम है, जिसमें देश का हर नागरिक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।

रिजीजू ने कहा कि देश तभी स्वस्थ हो सकता है, जब हर नागरिक स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि प्लॉग रन जैसा कार्यक्रम न केवल पूरे देश में आयोजित किया गया है, बल्कि विदेशों से भी ऐसी गतिविधियों के समाचार मिल रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में जागरुकता आती है। यह केवल एक दिन का ही आयोजन नहीं है, बल्कि एक आंदोलन की शुरूआत है, जो निरंतर चलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि फिट इंडिया अभियान देश को महान बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद कर रहे हैं। ऐसे में प्लॉगिंग जीवन के हर क्षेत्र में स्वच्छता लाने की उनकी दूरदृष्टि एक श्रद्धांजलि है, क्योंकि प्लॉगिंग जॉगिंग के दौरान कचरा और विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे को बीनने का एक अभियान है। नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस केंद्र और देश भर के सरकारी और निजी संस्थान भी प्लॉग रन का आयोजन कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वास्थ्य और स्वच्छता लोगों के जीने का एक तरीका बन सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 सितंबर को प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिये प्रत्येक भारतीय नागरिक का प्लॉगिंग के माध्यम से अपने जीवन में फिटनेस और स्वच्छता को समाहित करने का आह्वान किया था।